**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.01.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास के दौरान आज धर्मशाला सचिवालय में प्रदेश के विभिन्न विभागों के लंबित मामलों पर बैठक लेंगे। इस दौरान प्रदेश सरकार की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के संबंध में भी चर्चा हो सकती है। इसके अलावा वे लोगों की जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

**जगत नेगी**

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुयाल ओरम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। जगत सिंह नेगी ने जनजातीय क्षेत्रों में केंद्रीय परियोजनाओं को गति देने, सीमांत क्षेत्रों से पलायन रोकने, नौतोड़ बहाली में एफ.सी.ए की भूमिका सहित अन्य मुद्दों पर उनका ध्यान आकर्षित किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ**

बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के अथक प्रयासों के एक दशक पूरा होने पर सरकार आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मना रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों, छात्राओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं शामिल होंगी। इस योजना की 10वीं वर्षगांठ पर समारोह आज से 8 मार्च तक जारी रहेगा और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका समापन होगा। राज्य और जिला स्तर पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। देश में घटते बाल लिंग अनुपात की चिन्ता को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को ये योजना आरंभ की थी।

**उपायुक्त चंबा**

इधर प्रदेश में भी बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस बीच चंबा जिला में आज से विशेष जागरूकता अभियान शुरू हुआ। इस अभियान के तहत प्रभात

फेरी का आयोजन किया गया जिसके तहत हस्ताक्षर एवं शपथ ग्रहण समारोह होगा। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए ज़िला में प्रतिदिन 8 मार्च तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि कार्क्रयमों में आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं सहित पंचायती राज प्रतिनिधियों सहित अन्य संगठनों की भी सक्रिय भूमिका को सुनिश्चित बनाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं।

**महाकुंभ**

प्रयागराज महाकुंभ के लिए हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला कें अंब—अंदौरा से 6 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं जिनमें से दो रेलगाड़ियां अपने गंतव्य तक पहुंच गई हैं अन्य चार विशेष रेलगाड़ियां 5, 9, 15 और 23 फरवरी को रवाना होंगी।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। हालांकि प्रदेश के मध्यम व कम उंचाई वाले क्षेत्रों में इस सीज़न के दौरान कम बारिश होने से किसान और बागवान काफी चिंतित हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने आज और कल प्रदेश में मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है।